परीक्षा नियंत्रक

# Controller of Examination

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर–273009 (उ0प्र0) भारत

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur-273009 (U.P.) India
Website://ddugu.ac.in

पत्रांकः 7563/प0नि0का0/2023 दिनांकः 30/11/2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
दी0द0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर।

महोदय,

कृपया अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक 7532/प0नि0का0/2023 दिनांकः 06/11/2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से 204 महाविद्यालयों की सूची संलग्न करते हुए सम्बन्धित महाविद्यालयों में संचालित समस्त पाठ्यक्रम के प्रायोगिक एवं मौखिकी के अंको को आनलाईन पूरित किये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध किया गया था। अत्यन्त खेद के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि अनेको बार पोर्टल के माध्यम से महाविद्यालयों की लॉगिन पर सूचित कर एवं व्यक्तिगत रूप से दूरभाष पर सम्पर्क कर अंको को पूरित किये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध एवं पत्रों के माध्यम से अनुरोध किये जाने के बावजूद अभी भी संलग्न सूची के अनुसार 115 महाविद्यालयों ने प्रयोगिक एवं मौखिकी के अंको को पूरित नही करवाया। यह स्थिति काफी असंतोषजनक एवं छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ स्वरूप है।

मा0 कुलपति जी ने भी उक्त को गम्भीरता से लेते हुए यह निर्देश करने का आदेश किया है कि संलग्न सूची मे वर्णित समस्त महाविद्यालय यदि दो दिन के अन्दर उपरोक्त दिनांक 06/11/2023 के पत्र के अनुसार प्रायोगिक एवं मौखिकी परीक्षा के अंको को पूरित करवाया जाना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय छात्रहित में इस हेतु ऐसे महाविद्यालयों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु बाध्य होगा। तथा ऐसे महाविद्यालयों को छात्रहित में आर्थिक दण्ड भी आरोपित किया जा सकता है। जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालयों की होगी।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

30/11/2023

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय, दी0द0उ0गो0वि0वि0,गोरखपुर।
2. समन्वयक, आई.टी.सी. सेल, को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को उनकी लॉगिन में प्रेषित करने के साथ–साथ विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3. वित्त अधिकारी, दी0द0उ0गो0वि0वि0,गोरखपुर।
4. प्रभारी, एजेन्सी, दी0द0उ0गो0वि0वि0,गोरखपुर।
5. प्रभारी, मीडिया, दी0द0उ0गो0वि0वि0,गोरखपुर।
6. वै0स0 कुलसचिव।
7. प्रभारी सचिव, कुलपति।

परीक्षा नियंत्रक